# प्रथम सेमेस्टर-2017

## षष्टम् प्रश्न पत्र : हिन्दी शिक्षण

[नोट—प्रश्नों का मूल प्रश्न-पत्र से मिलान कर लें।]

समय : 1·00 घण्टा ] [ पूर्णांक : 25

निर्देश—(1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।

(2) इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

## बहुविकल्पीय प्रश्न

**1.** देवनागरी लिपि की विशेषता से सम्बन्धित नहीं है— 1

(अ) जो बोला जाता है, वही लिखा जाता है

(ब) एक वर्ण में दूसरे का भ्रम नहीं होता

(स) शिरोरेखा का प्रयोग अनावश्यक, केवल अलंकरण के लिए

(द) एक वर्ण संकेत से अनिवार्यत: एक ही ध्वनि व्यक्त होती है।

**2.** भाषा की सबसे छोटी इकाई है— 1

(अ) व्यंजन (ब) शब्द

(स) स्वर (द) वर्ण।

**3.** वर्णमाला का आशय है— 1

(अ) शब्द के समूह से (ब) वर्णों के संकलन से

(स) वर्णों के व्यवस्थित समूह से (द) शब्द रचना से।

**4.** हिन्दी भाषा में मूलत: वर्णों की संख्या मानी जाती है— 1

(अ) 55 (ब) 52

(स) 50 (द) 48.

**5.** अयोगवाह है— 1

(अ) विसर्ग (ब) अल्पप्राण

(स) महाप्राण (द) संयुक्त व्यंजन।

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**6.** हिन्दी भाषा के व्यंजन वर्णों के उच्चारण स्थानों के नाम लिखिए। 1

**7.** संयुक्ताक्षर व्यंजनों को लिखिए। 1

**8.** 'क्ष' वर्ण किसके योग से बना है ? 1

**9.** समानार्थी शब्द का आशय लिखिए। 1

**10.** व्यंजन का अभिप्राय स्पष्ट कीजिए। 1

**11.** हिन्दी भाषा के कौशलों के नाम लिखिए। 1

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**12.** विराम चिह्न कितने प्रकार के होते हैं ? 2

**13.** अशुद्ध उच्चारण के किन्हीं चार कारकों का उल्लेख कीजिए। 2

**14.** छात्रों के अशुद्ध उच्चारण सुधार हेतु ध्यान देने वाले बिन्दुओं का उल्लेख कीजिए। 2

**15.** उच्चारण शिक्षण की विधियों का संक्षिप्त उल्लेख कीजिए। 2

**16.** छात्रों में अपेक्षित लेखन कौशलों का विकास किस प्रकार किया जा सकता है ? लिखिए। 2

**17.** *लेखन शिक्षण की विधियों का उल्लेख कीजिए।* *2*

**18.** *अर्द्ध विराम तथा पूर्ण विराम का अर्थ स्पष्ट करते हुए उनके एक-एक उदाहरण लिखिए।* *2*

**https://www.upboardonline.com**
**Whatsapp @ 9300930012**
**Send your old paper & get 10/-**
**अपने पुराने पेपर्स भैजे और 10 रुपये पायें,**
**Paytm or Google Pay से**